सत्यमेव जयते	**भारतीय मानक ब्यूरो** **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय** **(उपभोक्ता मामले विभाग), भारत सरकार** मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली -110002	

<u>विज्ञापन संख्या- 03/2024/ एचआरडी (प्रतिनियुक्ति)</u>

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस), **उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक सांविधिक निकाय है।** यह भारत का राष्ट्रीय मानक निकाय है। यह देश में मानकीकरण, उत्पाद और पद्धति प्रमाणन, स्वर्ण/चांदी के आभूषणों की हॉलमार्किंग, प्रयोगशाला परीक्षण आदि के क्षेत्र में कार्यरत है। बीआईएस अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मानकीकरण और प्रमाणन का कार्य भी करता है।

बीआईएस निम्नलिखित पदों के लिए **कृषि** के क्षेत्र में **प्रतिनियुक्ति** पर **03 रिक्तियों** को भरने के लिए केंद्र सरकार / राज्य सरकार / विश्वविद्यालयों / मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों / **सांविधिक** / स्वायत्त संगठनों / पीएसयू में काम कर रहे वैज्ञानिकों या प्रौद्योगिकीविदों से आवेदन आमंत्रित करता है:

- **i)** वैज्ञानिक-सी, 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल-11 में
- **ii)** वैज्ञानिक-डी, 7वें वेतन आयोग के अनुसार वेतन मैट्रिक्स के लेवल-12 में

1. अपेक्षित अर्हता एवं अनुभव

पद का नाम	प्रतिनियुक्ति के लिए शैक्षिक अर्हता	प्रतिनियुक्ति के लिए अनुभव
वैज्ञानिक-सी	**अनिवार्य:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से कृषि में स्नातक की डिग्री और निम्नलिखित में से किसी भी विषय में 60% अंकों के साथ मास्टर डिग्री (अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के मामले में 50% अंक): i) कृषि विज्ञान ii) मृदा विज्ञान / मृदा विज्ञान और कृषि रसायन विज्ञान iii) कृषि कीट विज्ञान / कीट विज्ञान **iv)** कृषि रसायन / रसायन विज्ञान **वांछनीय:** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से डॉक्टरेट की डिग्री	(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) वेतन मैट्रिक्स में लेवल 10 (56100-177500 रुपये) या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा की हो; और (ख) मानकीकरण या गुणवत्ता आश्वासन या परीक्षण या उत्पादन या डिजाइन या अनुसंधान के क्षेत्र में चार वर्ष का अनुभव।
वैज्ञानिक -डी		(क) (i) नियमित आधार पर सदृश पद धारण किए हुए हों; या (ii) वेतन मैट्रिक्स में लेवल 11 (67700 -208700 रुपये) या समकक्ष में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद उस ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा की हो; और (ख) मानकीकरण या गुणवत्ता आश्वासन या परीक्षण या उत्पादन या डिजाइन या अनुसंधान के क्षेत्र में आठ वर्ष का अनुभव।

2. **परिलब्धियां**: वैज्ञानिक- सी के लिए 7 वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में स्तर -11, वैज्ञानिक- डी के लिए 7 वें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में स्तर -12, डी.ए., एचआरए और परिवहन भत्ता केंद्र सरकार की दरों के अनुसार एवं अन्य हित लाभ जिनमें पेंशन अंशदान, ग्रेच्युटी, चिकित्सा प्रतिपूर्ति और एलटीसी शामिल हैं ब्यूरो के नियमों के अनुसार होंगे।

3. **प्रतिनियुक्ति की अवधि** : 02 वर्ष

4. **अधिकतम आयु** : 56 वर्ष (आवेदन की अंतिम तिथि पर)

5. **स्थान** : दिल्ली-एनसीआर

6. **आवेदन कैसे करें:** जो उम्मीदवार पद के लिए आवश्यक पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं, चाहे किसी भी श्रेणी के हों, वे अनुलग्नक I में दिए गए निर्धारित प्रारूप में आयु, योग्यता और अनुभव से संबंधित प्रमाणपत्रों की सत्यापित प्रतियों के साथ "प्रमुख (एचआरडी), भारतीय मानक ब्यूरो, मानक भवन, 9 बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली - 110002" पर उचित माध्यम से अपने आवेदन भेज सकते हैं ।

7. **विस्तृत विज्ञापन BIS की वेबसाइट www.bis.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदन दिनांक 10.08.2024 से स्वीकार किए जाएंगे, अंतिम तिथि 23.09.2024 है।** आवेदन केवल पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा लिफाफे में भेजा जाना चाहिए, जिसके दाहिने कोने पर "वैज्ञानिक-सी/वैज्ञानिक-डी के पद के लिए आवेदन" लिखा हो। किसी अन्य प्रकार/माध्यम से किया गया आवेदन किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

8. **आवेदन शुल्क:** शून्य

9. बीआईएस बिना कोई कारण बताए प्रक्रिया को संशोधित / पुनर्निर्धारित / रद्द / निलंबित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। भारतीय मानक ब्यूरो का निर्णय अंतिम होगा और इस संबंध में किसी अपील पर विचार नहीं किया जाएगा।

दिनांक: 10 अगस्त 2024
स्थान: नई दिल्ली

प्रमुख (एचआरडी)
भारतीय मानक ब्यूरो

CBC 08103/12/0008/2425